आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सोलन जिला में दभोटा हरित उर्जा संयत्र प्रदेश की नवीकरणी उर्जा की सतत यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा। कल जिला के दभोटा में उत्तर भारत के पहले एक मेगावाट क्षमता वाले ग्रीन हाइड्रोजन संयत्र की आधारशिला रखने के बाद उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रयासों से ये नवाचार पहल अक्षय और नवीकरणीय उर्जा के क्षेत्र में हिमाचल को अग्रणी रूप में स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल को मार्च 2026 तक देश का पहला हरित उर्जा राज्य बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एक वर्ष की अवधि के भीतर इस परियोजना को पूरा करने के निर्देश दिए।

## सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश में रेलवे का विस्तार सिर्फ मोदी सरकार के कार्यकाल में हुआ है। कश्यप ने शिमला में एक बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश में हमेशा ही रेल विस्तार के विरोध में रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सिर्फ आलोचना कार्य केंद्र बन कर रह गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस प्रकार रेल परियोजनाओं में राज्य की हिस्सेदारी चुकाने से इंकार किया है, इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस सरकार प्रदेश का विकास नहीं चाहती।

## सोलन अस्पताल

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में बीते लगभग एक सप्ताह से एक्स–रे फिल्म खत्म हो जाने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक्स–रे फिल्म न होने के कारण मरीजों को सिर्फ इसकी सॉफ्ट कॉपी दी जा रही है। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एम.पी. सिंह ने कहा कि अस्पताल में एक्स–रे फिल्म उपलब्ध करवाने की जिम्मेवारी एक निजी कम्पनी क्रस्ना लैब की है और उसे भविष्य में इस तरह की कोताही न बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## प्रदर्शनी

प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों द्वारा हर हाथ काम योजना के तहत बनाए गए फर्नीचर, हैंडलूम व बेकरी उत्पादों की प्रदर्शनी आज से शिमला के गयेटी थिएटर में लगाई जा रही है। चार दिवसीय इस प्रदर्शनी का उद्देश्य कैदियों के हुनर को देश–विदेश में पहचान दिलाना और उन्हें कमाई का एक जरिया भी प्रदान करना है। शिमला स्थित कैथू जेल के उपपुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद वर्मा ने बताया कि कैदियों को कौशल प्रशिक्षण और प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करने के लिए ये आयोजन किया जा रहा है।

कर्मचारी

हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड कर्मचारी, अभियंता और पैंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ निर्णायक आंदोलन का ऐलान किया है। ज्वाइंट फ्रंट की आज शिमला में हुई बैठक में 11 फरवरी को हमीरपुर में महापंचायत आयोजित करने का निर्णय लिया गया। फ्रंट के सह संयोजक हीरालाल वर्मा ने कहा कि फ्रंट की 6 मुख्य मांगों में बिजली बोर्ड में ओपीएस लागू करना, छंटनी को बंद करना, आउटसोर्स पर भर्तियां न करना 75 चालकों की समाप्त की गई सेवाओं को बहाल करना और पैंशनरों की वित्तीय देनदारी को जारी करना शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार युक्तिकरण के नाम पर बिजली बोर्ड को खत्म करने का प्रयास कर रही है।

मौसम

प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में हुए हिमपात और अन्य भागों में वर्षा से शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। इस वर्षा व हिमपात से जहां तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है वहीं किसान–बागवानों ने राहत की सांस ली है। प्रदेश के किसान बागवानों का मानना है कि ये बारिश व बर्फबारी उनकी फसलों व फलों के लिए संजीवनी का काम करेगी। चंबा जिला के जनजातीय पांगी घाटी के किसानों ने बताया कि ये बर्फबारी कृषि बागवानी के लिए काफी लाभदायक है और गर्मियों के मौसम में उन्हें पर्याप्त जल मिल पाएगा।

बाइट– किसान–बागवान

इस बीच मौसम विभाग ने आज व कल मौसम के साफ रहने का अनुमान जताया है। हालांकि इस दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।

महाकुंभ–युवाकुंभ

प्रयागराज महाकुंभ में आज जनजाति संस्कृतिक समागम–2025 का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश भर से 15 हजार से अधिक आदिवासीभाग लेगें। छह दिवसीय उत्सव के दौरान सभी प्रतिभागी जनजातीय संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण का संकल्प लेगें। बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया गया है।